हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 1 जनवरी 2026

नववर्ष की शुभकामनाएं 2026

## खबर संक्षेप

### आज मड़वारानी मंदिर में होगा अनुष्ठान

**मड़वारानी।** आदिशक्ति पर्वतवासिनी माँ मड़वारानी में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी आदिशक्ति पर्वतवासिनी माँ मडवारानी दाई के मूल कलमी पेड़ स्थल प्राचीन मंदिर नवनिर्मित मंदिर पहाड़ ऊपर में 1 जनवरी को पूजन, हवन, प्रसाद वितरण एंव मार्ग पर स्थित श्री सिद्ध बजरंग बली के मंदिर में पूजन एंव भोग भण्डारा का आयोजन किया गया है। माँ मडवारानी सेवा एंव जनकल्याण समिति के सचिव विनोद कुमार साहू ने बताया कि 1 जनवरी को पूजन एंव भोग भण्डारा रखा गया है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुगण पहुंचकर प्रसाद प्राप्त कर पूण्य के भागी बनें। इस दौरान समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल कंवर, सचिव विनोद कुमार साहू, व्यवस्थापक संतोष सोनी एंव समस्त पदाधिकारीगण कार्यकारिणी सदस्य एंव माता के सेवकगण रहेगें। आयोजन करता मॉ मड़वारानी सेवा एंव जन कल्याण समिति के द्वारा किया जा रहा है।

### तीन महीनों से बंद है नलकूप, हो रही परेशानी

**चैतमा।** दो सप्ताह पूर्व संबंधित विभाग का का ध्यान आकृष्ट कराया गया था कि ग्राम पंचायत मानिकपुर के अंतर्गत आने वाले सजाबाहरी का नलकूप पिछले तीन महीने से बंद है। ग्राम पंचायत बरी उमराव के बालक प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में स्थित लगा हुआ नलकूप बंद पड़ा हुआ है। जिसे बनाने के लिए ग्रामीणों द्वारा संबंधित विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया। समाचार पत्र के माध्यम से भी विभाग का ध्यान आकर्षित कराया गया किंतु दो सप्ताह बीच जाने के बाद भी आज तक का सुधार नहीं हुआ है। इस संबंध में उपयंत्री से संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया किंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया जिससे उनका पक्ष नहीं लिया जा सका है।


### पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ

**कोरबा।** शारदा विहार कालोनी के वार्ड क्रमांक 13 में नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया था। शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि एवं टोली नायिका श्रीमती मीता ठक्कर पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम 27 से 29 दिसंबर तक नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं बालको के सीईओ की धर्म पत्नी श्रीमती सुनीता सिन्हा तथा वार्ड पार्षद श्रीमती सुषमा साहू के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उन्होंने कार्यक्रम को भी संबोधित किया। इस अवसर पर पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित युग साहित्य बिक्री केन्द्र भी उपलब्ध रहा। इस आयोजन को सफल बनाने में श्रीमती सुषमा तारेकर, श्रीमती बुलबुल सिन्हा, श्रीमती अरूणा वानखेड़े, श्रीमती रूबी मुखर्जी, शारदा विहार कालोनी के नागरिकगण एवं जिले के गायत्री परिजनों का विशेष सहयोग रहा।

### झुनकीडीह स्कूल को मिला नया शिक्षक

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के अंतर्गत संचालित शासकीय प्राथमिक शाला झुनकीडीह वर्षों से एकलशिक्षकीय व्यवस्था के कारण जूझ रही थी। दूरदराज क्षेत्रों से विद्यालय में पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों को एक ही शिक्षक के कारण पढ़ाई में व्यवधान का सामना करना पड़ता था। कक्षाओं का नियमित संचालन प्रभावित होता था, जिससे बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर असर पड़ रहा था। इसी पहल का सकारात्मक प्रभाव ग्राम झुनकीडीह के बच्चों की सीखने की यात्रा पर देखने को मिला। यहाँ सहायक शिक्षक के रूप में देवेंद्र कुमार का पदस्थ होना विद्यार्थियों के लिए नई उम्मीद लेकर आया। अब नियमित शिक्षण-सत्र संचालित हो रहे हैं।

## नए साल की नई सुबह....



सूरज की नई किरणों के साथ नये वर्ष का हुआ आगाज, नये संकल्प के साथ तय होगी जीवन की नई राह।

### पीडीएस दुकानों में भी केवाईसी के लिए बड़ी समस्या

# राशनकार्ड में नाम जुड़वाने के बाद भी लोगों को नहीं मिल रही खाद्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दिसंबर माह में सैंकड़ों हितग्राहियों के नाम से आने वाली खाद्य सामग्री का आंबटन बंद होने से हितग्राहियों में हड़कंप मच गया है। दो माह पूर्व राशनकार्ड में नाम जुड़वाने के बाद भी उनके नाम से खाद्य सामग्री पीडीएस दुकानों में नहीं मिल रही है जिसके लिए हितग्राही कभी दुकान कभी नगर निगम तो कभी कलेक्ट्रेट की खाद्य शाखा का चक्कर काट रहे हैं। प्रतिदिन नया राशनकार्ड बनवाने और नाम जुड़वाने के आवेदन खाद्य विभाग में पहुंच रहे हैं।

**खास बात**

- राशन कार्ड शाखा में प्रतिदिन पहुंच रहे नाम जुड़वाने के आवेदन



पीडीएस दुकान में केवाईसी करवाते हितग्राही।

राशनकार्ड में नाम जुड़वाना और उनके नाम से खाद्य सामग्री का आबंटन कराना एक ढेढ़ी खीर हो गया है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल के हितग्राहियों को केवल इस छोटे से काम के लिए जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। स्थिति यह है कि यहां भी उन्हें केवल आश्वासन ही मिलता है। बताया जाता है कि दिसंबर माह में ऐसे हितग्राहियों के नाम से खाद्य सामग्री का आबंटन बंद कर दिया गया। जिनका केवाईसी नहीं हुआ था। इसके अलावा राशनकार्ड में नये जुड़े हितग्राही जिनका केवाईसी हो गया है। उनकी भी खाद्य सामग्री पीडीएस दुकानों में नहीं मिल रही है जबकि केवाईसी कराए हुए एक माह बीत चुका है, अधिकांश हितग्राही अपने बच्चों का नाम जुड़वाने के बाद खाद्य सामग्री के आबंटन के लिए ही चक्कर काटते फिर रहे हैं। पिछले चार माह से केवाईसी का काम चल रहा है। जिसमें लगातार सुधार कार्य होने के बाद भी हितग्राहियों के नाम से खाद्य सामग्री का आबंटन न होना हितग्राहियों के समक्ष समस्या खड़ी हो गई है। खाद्य शाखा पहुंचने पर उन्हें अगले माह से खाद्य सामग्री मिलने का आश्वासन देकर वापस कर दिया जाता है।

**मुखिया का हुआ केवाईसी फिर भी कार्ड निरस्त**

राशनकार्ड केवाईसी के दौरान महिला मुखिया केवाईसी होने के बाद भी कार्ड का आबंटन निरस्त कर दिया गया है। ऐसे मामले निगम के सभी वार्डों में सामने आ रहे हैं। कार्ड में दर्ज सभी हितग्राहियों के केवाईसी होना अनिवार्य किया गया है। जिन सदस्यों का केवाईसी नहीं होगा उनके नाम से खाद्य सामग्री नहीं आएगी लेकिन बालको नगर क्षेत्र में ऐसे भी राशनकार्ड सामने आये हैं जिनके महिला मुखिया का केवाईसी होने के बाद भी कार्ड बंद कर दिया गया है। परिवार के पांच सदस्यों में दो सदस्यों का केवाईसी नहीं होने से कार्ड निरस्त कर दिया गया। ऐसे कई हितग्राही खाद्य शाखा का चक्कर काट रहे हैं।

**अभी भी चल रही केवाईसी**

जिन हितग्राहियों के राशनकार्ड में केवाईसी नहीं हुआ है वह अपने क्षेत्र के पीडीएस दुकान में केवाईसी करा सकते हैं। केवाईसी बंद नहीं हुई है अभी भी केवाईसी चल रही है।

-**घनश्याम कंवर**, जिला खाद्य अधिकारी

# खेत में मिली अज्ञात महिला की लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरकोमा क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पानी से भरे एक खेत में लगभग 40 से 50 वर्ष की उम्र की एक महिला का शव मिला। घटना की जानकारी मिलते ही रजगामार पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर जांच शुरू की। फिलहाल मृत महिला की पहचान नहीं हो सकी है। यह मामला रजगामार पुलिस चौकी अंतर्गत शिवनगर कोरकोमा का है। बताया गया कि क्षेत्र निवासी जोगीराम राठिया का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे खेत स्थित है, जहां वह दोहरी फसल लेता है। मंगलवार सुबह धान की कटाई के बाद अगली खेती की तैयारी के लिए जब वह खेत पहुंचा, तो खेत में भरे पानी में एक महिला का शव दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर महिला की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। जोगीराम राठिया ने ग्रामीणों को जानकारी दी, जिसके बाद सरपंच तेजराम राठिया ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पर चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल से पहुंचे सफाई कर्मियों की मदद से शव को खेत से बाहर निकाला गया। पुलिस ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी महिला की पहचान नहीं कर सका। पुलिस के अनुसार मृतिका की उम्र करीब 40 से 50 वर्ष के बीच है। वह दुबली-पतली, सांवले रंग की है और उसने काले रंग का ब्लाउज तथा पीले रंग की साड़ी पहन रखी थी। फिलहाल पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल की मर्च्युरी में सुरक्षित रखवा दिया है। मृतिका की पहचान के लिए आसपास के गांवों में मुनादी कराई जा रही है। साथ ही जिले और पड़ोसी जिलों के थाना-चौकियों को भी सूचना भेजी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**खास बात**

- रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्र का मामला

# हाथी ने किसानों की सब्जी की फसल को किया चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला रेंज में दंतैल हाथी का उत्पात लगातार जारी है। दंतैल हाथी रेंज के सेंद्रीपाली सर्किल में विगत कई दिनों से विचरण कर रहा है और लोगों के बाड़ी में प्रवेश कर वहां लगे केला, गन्ना व अन्य सब्जी के पौधों को उत्पात मचा कर तहस-नहस कर दे रहा है। जिससे क्षेत्रवासी परेशान है। बीती रात दंतैल हाथी ने पुनः सर्किल के नवाडीह में उत्पात मचाते हुए 3 ग्रामीणों के बाड़ी में प्रवेश किया और वहां लगे सब्जी के पौधों को तहस-नहस कर दिया है, जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ति ग्रामीणों द्वारा सूचना दिये जाने पर वन विभाग का अमला सुबह यहां पहुंचा और रात में दंतैल द्वारा किये गये नुकसानी का आंकलन करने के साथ



हाथियों के द्वारा रौंदी गई सब्जी की फसल।

रिपोर्ट तैयार की, जिसे अधिकारियों को सौंपा जायेगा। दंतैल हाथी कोरबा एवं कटघोरा में 3 लोगों को मारने के बाद यहां पहुंचा है और करतला ⏭ शेष पेज 3 पर

# खरीदी केंद्र उतरदा में धान उठाव नहीं होने से कर्मचारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

धान खरीदी केंद्र उतरदा में लगातार किसानों से धान की खरीदी की जा रहा है जिसमें रोजाना किसानों से 17 सौ क्विंटल धान की खरीदी हो रहा है जो की अभी तक लगभग 25 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है जिसमें 15 हजार 400 क्विंटल का धान उठाव मिलरो के द्वारा किया जा चुका है लेकिन अभी भी 9 हजार क्विंटल धान मंडी पर रखा हुआ है जो की धान की सही समय में मिलरो के द्वारा उठाव नहीं



खरीदी केंद्र में जाम पड़ा धान।

किए जाने से धान को अलग अलग स्थान में रखना पड़ रहा है और कुछ जगहों पर धान को तिरपाल से ढक कर रखा गया है जिस कारण कर्मचारियों को धान की उठाव नहीं होने के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। फड़ प्रभारी टीआर यादव ने बताया कि प्रतिदिन किसानों से 17 सौ क्विंटल धान किसानों से खरीदी की जा रही है लेकिन सही समय में धान का उठाव नहीं होने के चलते परेशानी हो रहा हैं और मौसम का मिजाज भी बदलता जा रहा है यदि अचानक बारिश हुई तो परेशानी और बढ़ जाएगी।

### छुट्टी को लेकर शुरू हुए विवाद के बाद ठेका श्रमिकों ने बोला हल्ला

# ठेका श्रमिकों ने घेरा केसीसी दफ्तर, प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका में कार्य पर नियोजित केसीसी (कलिंगा कॉरपोरेशन) के दफ्तार का ठेका कर्मियों ने घेराव कर दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे ठेका श्रमिकों ने दफ्तर में तोड़फोड़ शुरू कर दी और कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर सहित अन्य कंपनियों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया। सूचना मिलने पर दीपका पुलिस और सीआईएसएफ की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल



केसीसी के दफ्तर में हल्ला बोलते ठेका श्रमिक।

दीपका खदान के केसीसी कंपनी के साइड ऑफिस में छुट्टी को लेकर विवाद की स्थिति की निर्मित हो गई। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर महेश कुमार और कर्मचारियों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि ठेका कर्मियों ने उन पर हमला कर दिया। बड़ी संख्या में ठेका श्रमिकों ने कंपनी के दफ्तार को घेर लिया और तोड़फोड़ शुरू कर दिया। प्रोजेक्ट मैनेजर महेश कुमार की शिकायत और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दीपका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351 (3), 115 (2), और 3 (5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। केसीसी कंपनी के एल एंड आर हेड (जीएम) विकास दुबे ने बताया कि छुट्टी के मुद्दे पर विवाद शुरू हुआ था, जिसे कुछ लोगों ने अनावश्यक रूप से तूल दे दिया। इस दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। घटना में ऑफिस की खिड़की टूटने की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर जांच कर रही है। वहीं कंपनी के मजदूरों ने बताया कि सोमवार को दीपका में छत्तीसगढ़ी संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन हुआ था, जिसमें कुछ मजदूर छुट्टी लेकर शामिल हुए थे। बाद में लौटने पर उनकी हाजिरी काट दी गई, जिसको लेकर विवाद बढ़ गया।

### जनदर्शन में शिकायत


**मड़वारानी।** ग्राम पंचायत कटबितला में रेत हसदेव नदी से ग्राम पंचायत कटबितला द्वारा निकाला जा रहा है जिसमें भ्रष्टाचार की जा रही है। रेत रायल्टी नहीं काटी जाती, फर्जी रशीद काटकर राशि गबन हो रहा है। रेत खदान में रेडियन पट्टी व सीसी कैमरा नहीं लगाई गयी है। रेत खदान के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत में बैठक व ग्राम सभा बैठक में कोई जानकारी नहीं बताई जाती। पूर्व वर्ष में रेत रायल्टी राशी की गबन कर दी गई है। रायल्टी बुक को सरपंच पति एवं उपसरपंच पति द्वारा अन्यत्र बेचा गया है। जिसका माध्य ग्रामीणों के पास है। ग्रामवासी एंव पंचगण ने कलेक्टर से जनदर्शन में शिकायत की है। की रेत खदान पर हो रहे भ्रष्टाचार रोकने व गबन हो रही राशि का हिसाब कराने एवं रेत खदान समिति ग्राम सभा में गठन हेतु कारवाही करने कहा गया।

31 korba-pg3_Layout 1 12/31/2025 11:44 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### डॉ.विमला सिंह के संपादन में समाजशास्त्र की पुस्तक का किया गया विमोचन



**कोरबा।** कमला नेहरू महाविद्यालय में एमएसडब्ल्यू की विभागाध्यक्ष एवं समाजशास्त्र की सहायक प्राध्यापक डॉ.विमला सिंह द्वारा संपादित 21वीं सदी का सामाजिक परिदृश्य आईएसबीएन 978-93-47450-52-5 नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। इस विषय पर सैद्धांतिक और व्यावहारिक चिंतन करते हुए लिखी गई पुस्तक में डॉ.विमला सिंह, शिक्षा संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ.भारती कुलदीप, सहायक प्राध्यापक डॉ.रश्मि शुक्ला, डॉ.स्वप्निल जायसवाल, शिक्षाविद विकास पाण्डेय ने सहभागिता देते हुए ज्वलंत लेख लिखे हैं। बुधवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.प्रशांत बोपापुरकर ने टीम की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी लेखकों को उज्ज्वल भविष्य शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने कहा कि शिक्षा में नित नए ज्ञान की खोज और नए विचारों की अभिव्यक्ति आवश्यक है। इस पुस्तक में प्राध्यापकों एवं शिक्षाविदों के अनुभवों का समाजशास्त्रीय निचोड़ विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेगा। पुस्तक की संपादक डॉ.विमला सिंह ने कहा कि सामाजिक चुनौतियों, मानसिक कठिनाइयों का समाधान ढूंढने का प्रयास करते हुए जिन मुद्दों पर केंद्रित कर लेख शामिल किए गए हैं, वे निश्चित रूप से समाज के विकास में पथप्रदर्शक की भूमिका निभाएगा। कमला नेहरू महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ आरसी पांडेय, सचिव सुरेन्द्र लाम्बा एवं सहसचिव उमेश लम्बा ने सभी लेखकों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### ठेले पर मिले उल्लू का किया गया सफल रेस्क्यू



**कोरबा।** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित नया बस स्टैंड में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक जख्मी उल्लू अचानक एक फल ठेले पर जा बैठा। राहगीरों और दुकानदारों ने जब घायल अवस्था में उल्लू को देखा तो न केवल हैरान रह गए, बल्कि उसकी सुरक्षा को लेकर भी चिंतित हो उठे। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए जागरूक लोगों ने तत्काल वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम के अध्यक्ष जितेंद्र सारथी को सूचना दी। सूचना मिलते ही जितेंद्र सारथी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पूरी सावधानी व सतर्कता के साथ घायल उल्लू का सुरक्षित रेस्क्यू किया। प्राथमिक उपचार के बाद उल्लू को सुरक्षित स्थान पर रखा गया है, जहां उसके पूर्ण स्वस्थ होने तक देखरेख और उपचार की व्यवस्था की जा रही है। रेस्क्यू के दौरान जितेंद्र सारथी ने उल्लू के पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उल्लू खेतों और रिहायशी इलाकों में चूहों की संख्या को नियंत्रित कर फसलों की रक्षा करता है। यह प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### रियल को मिला ऑल इंडिया नेशनल डांस में प्रथम स्थान



**कोरबा।** शहर के डिंगापुर निवासी रियल खलखो ने ऑनलाइन कथक से लेकर राष्ट्रीय मंच तक उपलब्धियां हासिल की है। बीते दिनों दुर्ग में आयोजित नाट्य नर्तन ऑल इंडिया डांस, म्यूजिक और फाइन आर्ट्स प्रतियोगिता और महोत्सव में 10 वर्षीय रियल ने अपने पहले ही राष्ट्रीय मंच पर सहभागिता करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त की है। रियल को ऑनलाइन कथक प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए महज 3 माह ही हुए हैं। यह प्रशिक्षण इंदिरा कला संगीत यूनिवर्सिटी खैरागढ़ से कथक नगोल्ड मेडलिस्ट प्रीति चंद्रा के निर्देशन में पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त किया है। 3 माह के प्रशिक्षण के बाद मिली यह बड़ी जीत यह साबित करती है कि सीखने की प्रबल इच्छा, नियमित अभ्यास व सही मार्गदर्शन के साथ कोई भी छात्र किसी भी स्थान पर किसी भी आयु में सफलता हासिल कर सकता है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### हाथी ने किसानों...

रेंज के जंगलों में डेरा डाल दिया है। दंतैल हाथी पहले 3 दिन तक बड़मार क्षेत्र में डटा रहा फिर आगे बढ$कर पीडिया पहुंचा और वहां एक दिन रहने तथा उत्पात मचाने के बाद सेंद्रीपाली क्षेत्र में पहुंच गया है। दंतैल हाथी को क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में चारा व पानी मिल रहा है तथा यहां का माहौल भी अनुकूल है, जिसे देखते हुए दंतैल हाथी ने यहां डेरा जमा दिया है। उधर कटघोरा वनमण्डल के जटगा रेंज में भी बड़ी संख्या में दंतैल हाथी मौजूद है। हाथियों का यह दल दिनभर विश्राम करने के बाद सायं को जंगल से निकलता है और आसपास चारा चरने के बाद पुनः वापस लौट जाता है।

# स्माल गार्डनिंग से शहर सौदंर्यीकरण को मिल रहा नया लुक

## महापौर व आयुक्त दिशा निर्देश में चौक चौराहों में की गई स्माल गार्डनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

ऊर्जाधानी औद्योगिक नगरी कोरबा के शहर सौदंर्यीकरण को स्माल गार्डनिंग के द्वारा मनमोहक नया लुक दिया जा रहा है, चौक-चौराहों व सड़कों के किनारे स्माल गार्डनिंग कर विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधे रोपित किए गए हैं, जिन में नयनाभिराम रंग बिरंगे फूल मुस्कुरा तथा पौधे सुंदरता बिखेर रहे हैं, इनसे चौक-चौराहों की सुंदरता बढ़ रही है, वहीं लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं भी लगातार सामने आ रही हैं, वे शहर सौदंर्यीकरण की दिशा में निगम के इस कदम की प्रशंसा कर रहे हैं।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में निगम द्वारा विभिन्न चौक-चौराहों, सड़कों किनारे तथा विविध स्थानों पर स्माल गार्डनिंग की गई है। निगम द्वारा सीएसईबी चौक, सुभाष चौक, घंटाघर, अप्पू गार्डन, निगम कार्यालय साकेत, कलेक्ट्रेट एटीएम के पास, डी-1, डी-2 आवासगृह के समीप स्माल गार्डनिंग की गई हैं, इसके अंतर्गत विभिन्न थीम व डिजाईन पर विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधे रोपित किए गए हैं, जिनमें रंग-बिरंगे फूल मुस्कुरा तथा स्माल पौधे सौदंर्य बिखेर रहे हैं, इससे शहर व स्थल की सुंदरता को नया लुक मिल रहा है, वहाँ से आने जाने वाले लोग अनायास ही इनसे आकर्षित हो रहे हैं। सुभाष ब्लाक निवासी फिरतराम यादव कहते हैं कि निगम ने जगह-जगह स्माल गार्डनिंग कर फूलदार पौधे रोपित किए हैं, साकेत भवन परिसर में भी इन पौधों का रोपण किया गया है, वहां पर एक ओर जहां रंग-बिरंगे फूल मुस्कुरा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शाम के समय वाटर फाउंटेन चलने से वहाँ पर मनोहारी दृश्य उपस्थित होता है। श्री यादव ने यह भी कहा कि वर्तमान में निगम की साफ-सफाई व्यवस्था में अच्छी कसावट लाई गई है तथा शहर साफ-सुथरा दिखता है, मैं निगम के इस कदम की सराहना करता हूं।



### विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधे रोपित

निगम के उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर ने बताया कि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में शहर के विभिन्न चौक-चौराहों व सड़कों के किनारे विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधे आकर्षक डिजाईनों में रोपित किए गए हैं, अभी भी कुछ स्थानों पर यह कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि इसके तहत मेरीगोल्ड, साल्विया, पिरोनिया, बरबीना, डैन्थस, जीनिया, गजेनिया, पिटूनिया सहित अन्य मौसमी फूलों के पौधों का रोपण किया गया है।

## एसआईआर के बाद ली जा रही दावा आपत्ति, देना होगा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दस्तावेज

# बीएलओ एप से जुड़ रहे नए नाम और दर्ज हो रही दावा आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसआईआर के बाद जारी हुई मतदाता सूची में जिन मतदाताओं के नाम छूट गए हैं उनकी दावा आपत्ति अब बीएलओ एप्प में दर्ज हो रही है और उसी एप्प में नये नाम जोड़ने का काम भी किया जा रहा है। पूर्व में यह काम मैनुअल तरीके से किया जाता था अब बीएलओ के मोबाइल में ही एप्प को डाउनलोड किया गया है और बीएलओ उस एप्प से ही दावा आपत्ति दर्ज कर रहे हैं।

लगभग डेढ़ माह तक चले एसआईआर के बाद जिले में मतदाताओं की संख्या 8 लाख 37 हजार 410 है। प्रारंभिक मतदाता सूची जारी होने के बाद जिन मतदाताओं के नाम नहीं दर्ज हो पाए हैं उनकी दावा आपत्ति लेने का काम भी शुरु कर दिया गया है और नए मतदाताओं के नाम भी जोड़े जा रहे हैं। पूर्व में यह काम बीएलओ के पास फार्म 6 और अन्य फार्म देकर किया जाता था अब इस पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। बीएलओ के मोबाइल में निर्वाचन विभाग के एप्प को डाउन लोड कराने के बाद उससे ही नाम जोड़ने और दावा आपत्ति दर्ज करने का काम चल रहा है। निर्वाचन आयोग इस नए व्यवस्था से बीएलओ को अब पहले से ज्यादा काम का दबाव झेलना पड़ रहा है। पहले यह स्थिति थी कि बीएलओ से फार्म 6 लेकर मतदाता उसे भरकर बीएलओ के पास जमा करते थे अब एप्प आ जाने से इस व्यवस्था में सुधार हुआ है। ऐसे मतदाताओं को बीएलओ के पास दस्तावेज लेकर जाना होगा उन दस्तावेजों की फोटो कॉपी जमा करने के बाद बीएलओ एप्प में नाम जोड़ने का काम किया जाएगा।



### निर्वाचन कार्यालय पहुंच रहे मतदाता

मतदाता सूची प्रकाशन होने के बाद अपनी समस्याओं को लेकर मतदाता कलेक्ट्रेट के निर्वाचन कार्यालय पहुंच रहे हैं। जिनकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। ऐसे मतदाताओं को निर्वाचन कर्मी बीएलओ के पास भेज रहे हैं और नाम जोड़ने के लिए जिस प्रकार के दस्तावेजों की आवश्यकता है वे सभी दस्तावेजों की जानकारी उन्हें दी जा रही है।

### कॉलेज में लगेंगे शिविर

नये मतदाता नाम जोड़ने के लिए महाविद्यालय में शिविर लगाए जाएंगे। जिस तरह महाविद्यालय से मतदाता जागरुकता अभियान चला करता था उसी तर्ज पर अब नए मतदाता नाम जोड़ने के लिए अभियान चलाते हुए शिविर लगाए जाएंगे। इसमें ऐसे छात्र जो महाविद्यालय के प्रथम वर्ष में प्रवेश लिए हैं और किसी कारणवश उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो सका है वह इस शिविर में अपना नाम दस्तावेज देने के साथ जुड़वा सकते हैं। नाम जुड़ने की प्रक्रिया आसान बनाई गई है ताकि छात्रों के नाम महाविद्यालय में ही जोड़े जा सके।

## जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा से ही होगा गांव एवं ग्रामीणों का विकास : ज्योत्सना



ग्रामीणों को संबोधित करतीं सांसद ज्योत्सना महंत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखंड के ग्राम पंचायत कोलगा में आयोजित जल-जंगल-जमीन बचाओ महासम्मेलन में क्षेत्रभर के ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा और ग्रामीण अधिकारों को लेकर आयोजित इस महासम्मेलन में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य जल, जंगल और जमीन के संरक्षण को लेकर जनजागरूकता बढ़ाना रहा। महासम्मेलन में सांसद ज्योत्सना महंत, रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया सहित क्षेत्र के अनेक ग्राम पंचायतों के सरपंच और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान बरपाली ग्राम पंचायत के सरपंच रामजीवन कंवर ने गांव में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक मंच की मांग रखी। इस मांग पर सांसद ने बरपाली पंचायत को दो सांस्कृतिक मंच उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन मंचों के निर्माण से गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोककला और सामाजिक आयोजनों को नई पहचान मिलेगी तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा। सांसद ने कहा कि जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा से ही ग्रामीण विकास संभव है। विधायक फूल सिंह राठिया ने भी ग्रामीणों की एकजुटता की सराहना करते हुए कहा कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देना समय की आवश्यकता है। महासम्मेलन शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन के साथ संपन्न हुआ।

# कबड्डी में एनडी खरवानी तो डांस में खुशबू श्याम एवं कृष्णा ग्रुप पाटन बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी



विजेता प्रतिभागी व अन्य।

एमजे बाबा डांस ग्रुप के तत्वावधान में ग्राम तुमान में आयोजित कबड्डी एवं डांस प्रतियोगिता का समापन किया गया। खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से सजे इस आयोजन ने ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी कला और कौशल दिखाने का सशक्त मंच प्रदान किया।

प्रतियोगिता में आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता में एनडी खरवानी की टीम ने शुरू से ही दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सभी मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की और प्रथम स्थान प्राप्त किया। कटघरी की टीम ने कड़ा मुकाबला करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। चंडीपारा की टीम तृतीय तथा चौरा (बरपाली) की टीम चतुर्थ स्थान पर रही। इसी तरह डांस प्रतियोगिता (एकल/युगल) में महासमुंद की खुशबू श्याम ने भावनाओं से भरपूर, सधे हुए और प्रभावशाली नृत्य प्रदर्शन से निर्णायकों के साथ-साथ दर्शकों का भी दिल जीत लिया। उन्होंने 50 में से 46 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रायपुर के राजा हिंदुस्तानी को द्वितीय, जय छत्तीसगढ़ को तृतीय, धाम के राहुल तुर्री को चतुर्थ तथा सरगांव की मानसी वर्षा को पंचम स्थान प्राप्त हुआ। इसी क्रम में बसना के कमल शराईपाली षष्ठम, आर्यन अमोदी सप्तम, रायपुर के राधा कृष्ण अष्टम, गरिमा रानी नवम तथा खरसिया की सोनम ने दशम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ग्रुप डांस प्रतियोगिता में कृष्णा डांस ग्रुप ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रेड एंजल डांस ग्रुप (कुसमुंडा) द्वितीय तथा सांवरिया डांस ग्रुप (बसना) तृतीय स्थान पर रहा। द बदमास बॉयज चतुर्थ, वन स्टेप डांस ग्रुप सहित अन्य ग्रुप ने बेहतर प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि नरेंद्र देवागन जिला महामंत्री, भाजयुमो ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। डांस प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि श्रीमती सावित्री कंवर (जिला पंचायत सदस्य) रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुषमा कंवर सरपंच ने किया। इस अवसर पर निरुपमा पाटले, नकुल गबेल, किसन कोसले, अजय कंवर, जयराम पाटले, यशवंत पाण्डेय, रमेश कुरै, सुनील कंवर, भागवत श्रीवास, जगेवर, बिहारी लाल महेत्तर, वर्मा, रंजीत, श्याम कंवर, संजु वैष्णव, जगदीश विश्वकर्मा सरोजकँवर रोहन, कमलेश श्रीवास, विश्वजीत, राकेश, सोहित, मोहित, करन, नवीन, अभय, वैभव, रमेश, कौशल, बिरिचराम, राहुल, बालमुकुंद आदि उपस्थित थे।






# ग्रामीणों ने श्रमदान से बनाया चेक डेम, सब्जी उत्पादन का बढ़ा रकबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

भूजल स्तर नीचे होने के कारण पानी का संकट झेलने वाले सोनगुढ़ा के ग्रामीणों ने गांव से लगे बरसाती नाले में पानी रोकने के लिए स्वयं सेवी संस्था के साथ मिलकर चेक डेम का निर्माण किया और इससे सब्जी उत्पादन सहित अन्य फसल लेने लगे। कभी गांव में पेयजल के लिए मारामारी मची रहती थी अब ग्रामीण अपनी तस्वीर बदलने लगे हैं।

पेयजल संरक्षण के लिए जिले में सरकारी मशीनरी के साथ स्वयं सेवी संस्थाएं काम कर रही हैं। कृषि विभाग का जल ग्रहण मिशन अपने स्तर पर काम कर रहा है। इनके अलावा स्वयं सेवी संस्थाएं भी ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से जुड़कर जल संरक्षण के क्षेत्र में ग्रामीणों का सहयोग कर रही हैं। जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सोनगुढ़ा जहां जल स्तर आम दिनों में भी नीचे होने के कारण बरसात में भी कुंए पूरी तरह भर नहीं पाते। 30 हाथ नीचे पानी कुंए भी रहता है। गर्मी के दिनों में और भी बिगड़ जाती थी। इस स्थिति से निपटने के लिए स्वयं सेवी संस्था स्त्रोत ने सोनगुढ़ा को अपने जल ग्रहण मिशन के दायरे में शामिल किया और ग्रामीणों को इस अभियान से जोड़ा, इसके लिए संस्था ने ग्रामीणों की बैठक लेकर गांव के समीप बहने वाले बरसाती नाले, तालाबों का गहरीकरण और छोटे छोटे पानी रोकने वाले स्ट्रेक्चर बनाने का काम शुरु कराया। संस्था के इस पहल का ग्रामीणों ने आगे बढ़कर सबसे पहले काम गांव के समीप बहने वाले बरसाती नाले को चुना जहां बरसात का पूरा पानी गांव से बाहर बह जाता था। उक्त पानी को रोकने के लिए गांव के ग्रामीणों ने नाले में ही चेक डेम का निर्माण किया। बहुत कम समय में ग्रामीणों ने चेक डेम का निर्माण अपने स्तर पर किया और आज चेक डेम में पानी बरसात के बाद भी लबालब भरा हुआ है। चेक डेम के आसपास नमी आने से ग्रामीण सब्जी के उत्पादन करने लगे हैं और फसल भी लेने शुरु कर दिये हैं।

## सोनगुढ़ा में पेयजल संकट से जूझते हैं ग्रामीण

**खास बातें**

- जल ग्रहण मिशन से जुड़े ग्रामीण
- ग्राम सोनगुढ़ा में जल संकट के निराकरण का शुरु हुआ अभियान



### पहाड़ी में पानी रोकने चला अभियान

गांव से कुछ दूर बरसाती नाले से लगे छोटी सी पहाड़ी में पानी रोकने के लिए कंटूर लाइन, एक फूट गहरे गढ्ढे जैसे छोटे छोटे स्ट्रक्चर पूरी पहाड़ी में तैयार किया। यहां संस्था के सहयोग से पौध रोपण भी कराया गया है। ताकि पहाड़ी क्षेत्र से आने वाले पानी को बहने न दिया जाए। पहाड़ के निचले हिस्से में छोटी छोटी नाली भी बनाई गई। जिससे पानी उन्हीं नालियों में बहकर बरसाती नाली तक पहुंचा। संस्था के कोऑर्डिनेटर सत्यप्रकाश ने बताया कि ग्राम सोनगुढ़ा में पानी का स्तर नीचे था, जल ग्रहण से कुछ स्थितियां सुधरी है।

## खबर संक्षेप

### पूर्वांचल सर्वसमाज विकास समिति के विकास बने कार्यवाहक अध्यक्ष



**कोरबा।** पूर्वांचल सर्वसमाज विकास समिति के केन्द्रीय कार्यालय राजेन्द्र प्रसाद भवन, रिकाण्डो रोड कुआँभट्ठा कोरबा में समिति द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के लगभग 50 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न संगठनात्मक एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से विकास सिंह को समिति का कार्यवाहक अध्यक्ष तथा प्राण नाथ मिश्रा को पीआरओ (जनसंपर्क अधिकारी) नियुक्त किया गया। संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आगामी दिनों में जिला स्तर पर कार्यकारिणी, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ के गठन का निर्णय लिया गया। साथ ही जिला स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए आगामी माह में नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किए जाने पर भी सहमति बनी। बैठक में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष अवधेश सिंह, संरक्षक राजकिशोर प्रसाद, सचिव अरविंद शर्मा, बृज भूषण प्रसाद, विजय यादव, पवन विश्वकर्मा, सुनील सिंह, अमित सिंह, धन्नू यादव, परवेज अंसारी, राजेश यादव, सोनू सिंह आदि उपस्थित थे।

### अधिकारी कर्मचारियों ने रैली निकालकर अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 31 दिसंबर को तीन दिवसीय आंदोलन के अंतिम दिन कर्मचारियों अधिकारियों ने अपने विभिन्न लंबित एवं मांगों को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए रैली निकाली गई। रैली में जिलेभर से पहुंचे कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हुए। उनकी मांग है कि केंद्रीय कर्मचारियों के समान डीए देय तिथि से, समय मान वेतनमान, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, अर्जित अवकाश के नगदीकरण सहित सहित अन्य मांगों संविदा दैनिक वेतन भोगी अनियमित कर्मचारियों की नियमिति करण, टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने, विद्या समीक्षा केंद्र निजी मोबाइल से हटाते हुए सरकार द्वारा सिस्टम दिए जाने सहित 11 सूत्रीय मांग रखी गई ह। रैली के पश्चात फेडरेशन के पदाधिकारी केआर डहरिया, जगदीश खरे, तरुण सिंह राठौर, ओमप्रकाश बघेल, आरडी श्रीवास, पीयूष निर्मलकर, एमएस राठिया, नित्यानंद यादव, कृति लहरे, विनोद सांडे, आरआर श्रीवास, राजेश तिवारी, सीएल पटेल, रामकपुर कुर्रे आदि उपस्थित थे।

### युवा कांग्रेसियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया सह प्रभारी सुश्री मोनिका मंडरे के अनुमति से एवं प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर जिला युवा कांग्रेस कोरबा शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में जिला कलेक्टर कार्यालय जाकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर डीएड एवं बीएड संघ के अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए न्यायालय के आदेश का पालन करने की मांग किया है। युवा कांग्रेस कोरबा शहर जिला अध्यक्ष राकेश पंकज ने बताया कि प्रदेश भर में 2300 सहायक शिक्षकों की रिक्त पदों को भरने की घोषणा अब तक पूरी नहीं हो पाई जिस पर उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा 26 सितंबर 2025 को आदेश पारित किया कि दो माह के भीतर प्रक्रिया पूरी कर रिक्त पदों को भरा जाए लेकिन तीन माह बीत जाने के बावजूद भर्ती प्रक्रिया के प्रारंभ होने का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीण जिला अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि पिछले दो वर्षों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे सैंकड़ों योग्य अभ्यर्थियों के हित में न्यायालय का फैसला आने के बावजूद आदेश का पालन नहीं होना दुर्भाग्यजनक है।

### जिले के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण सहित 16 पदक पर किया कब्जा

**कोरबा।** डीपी विप्र कॉलेज बिलासपुर में 27 व 28 दिसंबर को राज्यस्तरीय कराते प्रतियोगिता आयोजित थी। कराते एसोसिएशन ऑफ इंडिया बिलासपुर के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 515 खिलाड़ियों (छात्र-छात्राएं) ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता जूनियर, सब-जूनियर और सीनियर वर्गों में 5 वर्ष से लेकर 21 प्लस आयु वर्ग तक के लिए आयोजित की गई। मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला रहे। प्रतियोगिता में जिले खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण पदक सहित 16 पदक जीतते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बांकीमोंगरा के एसके कराते स्पोर्ट्स एकेडमी के 12 बच्चों ने हिस्सा लिया था। इनमें युवान कुर्रे ने 2 रजत पदक, आलोक महंत 1 रजत, 1 कांस्य, अंशिका मिश्रा 1 स्वर्ण पदक, अभिषेक सिंह 1 स्वर्ण, 1 रजत, झील कुर्रे 1 स्वर्ण, 1 रजत, खुशी सिंह 1 कांस्य पदक, सामिया 1 स्वर्ण पदक, कुनाल कश्यप 2 कांस्य पदक, दामिनी कुमारी 1 कांस्य पदक, हिना पटेल 1 स्वर्ण पदक, रीना पटेल 1 रजत पदक जीतने में सफल रहे।

## स्वास्थ्य शिविर के दौरान डॉ.अर्पण विश्वास के साथ मारपीट का मामला

# सीएमओएआई के अधिकारियों ने काला फीता लगाकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वास्थ्य शिविर के दौरान डॉ.अर्पण विश्वास के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा की गई मारपीट को लेकर सीएमओएआई गेवरा क्षेत्र के अधिकारियों ने गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में काला फीता लगाकर अपना विरोध जताया। घटना के बाद से अधिकारियों में आक्रोश व्याप्त है और सभी ने कार्य के दौरान अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।

**खास बात**

- अधिकारी अपनी सुरक्षा के प्रति चिंतित, प्रबंधन और प्रशासन से ठोस कार्रवाई की अपील

उल्लेखनीय है कि सोमवार को ग्राम रलिया में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया था। इलाज के लिए पहुंचे ग्रामीण रामनारायण पटेल को डॉ.अर्पण विश्वास ने नियमपूर्वक कतार में खड़े होकर उपचार कराने को कहा। इस बात पर पटेल ने आपत्ति जताई और डॉ.अर्पण को देख लेने की धमकी दी। शिविर समाप्त होने के बाद जब डॉ.अर्पण विश्वास स्टाफ और एम्बुलेंस कर्मियों के साथ वापस लौट रहे थे, तभी रामनारायण पटेल, नीरज पटेल और दो अन्य युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने डॉ.अर्पण के साथ गाली-गलौज करते हुए उन पर लात-घूंसों से हमला कर दिया। इस हमले में डॉ.अर्पण की आंख, सीने और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। किसी तरह जान बचाकर डॉ.अर्पण और स्टाफ वहां से निकले और दीपका थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। हरदीबाजार पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना की अधिकारियों ने कड़ी निंदा की है। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में सीएमओएआई क्षेत्र के अधिकारी मौजूद रहे और एकजुटता का संदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले भी एल एंड आर विभाग के अधिकारी शिखर सिंह चौहान के साथ इसी तरह की मारपीट की घटना हो चुकी है, लेकिन अब तक दोषियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई है। लगातार हो रही घटनाओं के चलते अधिकारी दहशत और असुरक्षा के माहौल में काम करने को मजबूर हैं। प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों ने कहा कि वे अपनी सुरक्षा, सम्मान और सुरक्षित कार्यस्थल को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने कोल इंडिया प्रबंधन और राज्य शासन से ठोस कदम उठाने की मांग की, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही एक सप्ताह तक काला फीता लगाकर इस घटना का विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया है।



काला फीता लगाकर विरोध प्रदर्शन करते सीएमओएआई के अधिकारी।

### आईएमए ने दी आंदोलन की चेतावनी



इस घटना के बाद चिकित्सा समुदाय में भारी आक्रोश है और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कोरबा ने इस हमले की तीखी निंदा की है। आईएमए अध्यक्ष डॉ.एस चंदानी एवं सचिव डॉ. अजय स्वर्णकार ने संयुक्त बयान में कहा कि डॉक्टरों पर हमला केवल व्यक्ति विशेष पर नहीं, बल्कि पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था और समाज के विश्वास पर हमला है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई और प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था लागू नहीं की गई, तो डॉक्टर सामूहिक एवं लोकतांत्रिक कदम उठाने को मजबूर होंगे। आईएमए का स्पष्ट संदेश है कि डॉक्टर सुरक्षित, तभी समाज सुरक्षित। संघ की मांग है कि घटना में शामिल सभी दोषियों की तत्काल और निष्पक्ष गिरफ्तारी हो। स्वास्थ्य शिविरों, अस्पताल परिसरों और फील्ड ड्यूटी के दौरान डॉक्टरों को ठोस सुरक्षा दी जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

# पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई 58 वारंटियों की गिरफ्तारी


पुलिस गिरफ्त में वारंटी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कानून-व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान ऑपरेशन शांति संचालित किया जा रहा है। नववर्ष के पूर्व कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीसरे दिन साल के अंत से ठीक पहले भी कार्रवाई जारी रखते हुए 58 वारंटियों को गिरफ्तार किया था। जिनमें 17 स्थायी वारंटी शामिल हैं। इस प्रकार 3 दिन में कुल 152 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। ये सभी आरोपी न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी गिरफ्तारी वारंट के बावजूद लंबे समय से गिरफ्तारी से बचते हुए फरार चल रहे थे। जिन पर सतत निगरानी रखकर योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर गिरफ्तारी की गई है। इस प्रकार 3 दिन में पुलिस ने 152 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर चुका है। इस अभियान के अंतर्गत आज की कार्यवाई में मानिकपुर चौकी, थाना कोतवाली एवं राजगामार चौकी द्वारा क्रमशः 10, 6 एवं 5 गिरफ्तारी वारंट तामील किए। दूसरी ओर थाना कोतवाली एवं मानिकपुर चौकी द्वारा 5-5 स्थायी वारंट तामील किए गए। पुलिस ने संचालित ऑपरेशन शांति का मुख्य उद्देश्य जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना है। असामाजिक तत्वों एवं वारंटियों के विरुद्ध यह विशेष कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

**खास बात**

- 3 दिन में 152 आरोपी हुए गिरफ्तार

# घर में घुसकर युवक से मारपीट घायल युवक अस्पताल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में नशेड़ी युवकों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। इमलीडुग्गू निवासी संजय यादव के घर घुसकर कुछ लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। मारपीट करने वाले लोग एक ही परिवार के सदस्य हैं और उनके द्वारा अक्सर लोगों के द्वारा मारपीट की जाती है।

नशेड़ियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र में गीला और सुखा नशा करने में माहिर एक परिवार के लोग निर्भय होकर लोगों को साथ मारपीट कर रहे हैं। इमलीडुग्गू निवासी संजय यादव पर महेश साहिल बिट्टू छोटू पांडे, विजय पांडे, उमेश सागर व अन्य लोगों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। अंदरूनी चोटों के साथ ही संजय के सर पर भी गंभीर चोट लगी है, जिसके उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संजय के भाई विजय ने बताया कि मारपीट करने वालों को किसी का भय नहीं था। विजय ने बताया कि मारपीट करने वाले इन यूवको में से अधिकांश एक ही परिवार के हैं और उन्होंने धर्मांतरण कर लिया है। वे अक्सर लोगों के साथ मारपीट करते रहते हैं, पुलिस से शिकायत की बात जब कोई करता है तो उसे जान से मारने की धमकी दी जाती है। यही उनके परिवार के साथ भी हुआ। शिकायत के बाद भी पुलिस इनके खिलाफ कार्यवही नहीं करती। पुलिस शिकायत करने वाले पहुंचे लोगों को आपस में सुलह करने की सलाह देकर रवाना कर देते हैं।


घायल युवक।

### सड़क दुर्घटना में तीन मवेशियों की मौत



**चैतमा।** बीती रात सड़क पार कर रहे तीन भैंस एवं एक बच्चा नेशनल हाईवे पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीन भैंस व एक भैंस का बच्चा मौके पर ही मौत हो गई। ज्ञात हो की नेशनल हाईवे पर आए दिन एक्सीडेंट से मवेशियों की मौत हो रही है तो कहीं छोटे वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

# बोईदा में बूढ़ादेव पूजा के साथ निकली शोभाकलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



ग्राम बोईदा क्रांति मैदान में बूढ़ादेव की विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के महिला-पुरुष शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा में सजे समाज के लोगों ने कलश यात्रा में भाग लेकर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय और उत्सवमय माहौल से सराबोर कर दिया। ढोल और पारंपरिक गीत-संगीत के बीच निकली इस कलश रैली ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।कार्यक्रम में जनपद सदस्य कौशल श्रीवास, गोविंद सिंह कंवर, चन्द्रभान पोर्ते, बसंत मरावी, उत्तम सिंह मरावी, डीपी कोराम, प्रेम सिंह श्याम, मंगल सिंह संग्राम, छितकुल मरावी, राजेश जगत, बलदेव मरावी, संत मरावी, कपिल मरावी, राजकुमार मरावी, नरसिंह, नरेन्द्र मरकाम, चुन्नू लाल मरावी, कैलाश मरावी, वरूण मरावी, नरेश मरावी, ललीत जगत, ईश्वर मरकाम, खिलेन्द्र मरावी, रामकुमार मरावी, विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कलश यात्रा में शामिल होकर समाजजनों को संबोधित किया। आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विरासत, एकता और परंपराओं को सहेजकर आगे बढ़ाने का संदेश दिया। कलश रैली के सफल आयोजन में स्थानीय समाजजनों और युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### रामकुमार बने जेसीआई कोरबा लिजेंड के अध्यक्ष



**कोरबा।** जेसीआई कोरबा लीजेंड के वर्ष 2026 के चुनाव में रामकुमार सोनी को नया अध्यक्ष चुना गया है। लीजेंड के 5वें स्थापना दिवस पर बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महापौर संजू देवी राजपूत विशिष्ट अतिथि रामसिंह अग्रवाल, अमर अग्रवाल, आकाश अग्रवाल थे। कार्यकारिणी में शिव शंकर अग्रवाल, साजन अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, सुरेश चावलानी, राजन बरनवाल, रोहित शाह, दिव्यानंद अग्रवाल, जगदीश सोनी, प्रेम मदान, पीएस गांधी, भरत मकवाना, आलोक अग्रवाल शामिल है।

### कुदरी की टीम बनी विजेता

**मड़वारानी।** ग्राम खरहरकुड़ा में प्लास्टिक बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजित किया गया है। लगातार 7वां वर्ष से आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि सावित्री अजय कंवर सभापति जिला पंचायत, सरिता धरम सिदार सरपंच ग्राम पंचायत दमखांचा, सचिव रूपेश बिंझवार उपस्थित रहे। फ़ाइनल मैच कुदरी वर्सेस सकरेली के मध्या खेला गया। कुदरी ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कुदरी के टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 81 रनों का लक्ष्य दिया। सकरेली के टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 75 रन ही पर सिमट गई और 6 रनों से कुदरी की टीम ने खिताब अपने नाम किया।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह दिसम्बर 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह दिसम्बर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेंट बंधु को 5 जनवरी 2026 तक जमा करें।
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## विधायक प्रेमचंद पटेल के नेतृत्व में मिले थे ग्रामीण

# ग्रामवासियों ने कलेक्टर को बताई अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार के ग्रामवासियों ने 9 बिंदु पर मांग पत्र कलेक्टर कुणाल दुदावत को सौंपा है। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, हरदीबाजार सरपंच लोकेश्वर कंवर,भाजपा जिला मंत्री अजय दुबे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, रघुराज सिंह उईके, रामू जायसवाल, पंच इंद्रभूषण ओंडे, मन्नु सांई राठौर ने हरदीबाजार क्षेत्र के विस्थापन बसावट, मूआवज़ा, रोजगार नौकरी, त्रिपक्षीयवार्ता कराने सहित क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न मूलभूत समस्याओं व सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

मुलाकात के दौरान हरदीबाजार के विस्थापित परिवारों की समस्याओं, उनके पुनर्वास, उचित मूआवज़ा एवं रोजगार उपलब्ध कराने की आवश्यकता को कलेक्टर महोदय को अवगत कराया गया। साथ ही क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य एवं अन्य जनसुविधाओं से संबंधित मुद्दों को भी प्रमुखता से रखा गया। कलेक्टर से जनहित से जुड़े विषयों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई का आग्रह किया गया, जिस पर उन्होंने संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। क्षेत्रवासियों के अधिकारों की रक्षा एवं उनकी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने की बात कहीं। सरपंच लोकेश्वर कंवर ने बताया कि कलेक्टर महोदय से शिष्टाचार भेंट में हरदीबाजार की समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही 2004-2010 व 2024 अधिग्रहण के बाद भी हरदीबाजार की लगभग 250 एकड़ को अधिग्रहण हे बाहर कर दिया गया है,जिसे भी एसईसीएल दीपका प्रबंधन को अधिग्रहण करने,गांव में पीने व निस्तारी के लिए पानी की गंभीर समस्या से अवगत कराया गया। साथ ही प्रबंधन, प्रशासन व ग्रामीणों के मध्य त्रिपक्षीय वार्ता करने की बात कहीं गई। जिसपर जिला कलेक्टर के द्वारा जल्द ही बैठक कराने साथ ही जल्दी ही हरदीबाजार व बसाहट स्थल का निरीक्षण करने की बात कहीं गई ।


कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते कटघोरा विधायक एवं अन्य।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780